# त्योहार पर चढ़ा चुनावी रंग, पिचकारियों संग मोदी-योगी के मुखौटों की बढ़ी मांग

## होली पर्व के चलते बाजारों में सजाई गईं दुकानें, खरीदारी को पहुंचने लगे लोग, दुकानदारों में बेहतर व्यापार को लेकर बढ़ा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** रंगों के त्योहार होली इस बार खुद चुनावी रंग में रंगी नजर आ रही है। होली में अब चार दिन का ही समय शेष बचा है। लोकसभा चुनाव का बिगुल भी बज चुका है। ऐसे में बाजार में मुखौटे व पिचकारियों से चुनाव प्रचार का काम भी होता देखेगा। राजनेताओं के मुखौटे और पिचकारियों की मांग जोर पकड़ रही है। शहर की गली-मोहल्लों में पिचकारियों व रंगों से सजी दुकानें इस रंगीन त्योहार के आगमन का संदेश दे रही है। हालांकि छोटी कक्षाओं की परीक्षाओं के चलते अभी त्योहार अपने चरम पर नहीं पहुंचा है। अलबत्ता बाजारों में इसकी तैयारियां जोरों पर है। रंगों की बिक्री करने वाले कारोबारियों का कहना है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए मोदी-योगी, छोटा भीम व मोटू-पतलू आदि के मुखौटे की मांग इस बार कई गुना बढ़ेगी।

- **थोक से लेकर खुदरा बाजार में कमल गुलाल व भगवा गुलाल की मांग ने पकड़ी रफ्तार**

इस बार भी 20 से 200 रुपये तक कीमत वाले मुखौटे बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। रंग व पिचकारी के साथ ही होली को लेकर तरह-तरह के फैंसी परिधानों व कपड़ों की खरीद में भी तेजी आई है। रेडीमेड कपड़ों के शो रूम को खास तौर पर ग्राहकों के लिए सजाया जा रहा है। शहर के बाजारों में रेडीमेड के कई मॉल हैं, जहां होली पर तरह-तरह के आकर्षक गिफ्ट व छूट देकर ग्राहकों को लुभाया जा रहा है। **लुभा रहे रंग-बिरंगे मुखौटे:** जनपद में कुछ सालों से अलग-अलग मुखौटे पहनकर होली खेलने का ट्रेंड शुरू हुआ है। युवाओं में यह क्रेज सबसे अधिक नजर आया है, और इस नए ट्रेंड को भुनाने के लिए इस बार बाजार में रंग-बिरंगे मुखौटे आए हैं। इनमें कुछ मुखौटे रंग-बिरंगे बालों वाली विग के साथ आए है तो कुछ मुखौटे ऐसे हैं जिनसे पूरा चेहरा व सिर ढका जा सकता है। मुखौटे व विग के रंग के साथ मेल खाली सीटी भी उपलब्ध कराई जा रही है और इनकी सबसे अधिक मांग युवाओं में ही रहती है।


फुटकर विक्रेता से रंग की खरीदारी करते बच्चे। ● अमृत विचार


मां के साथ रंगों की खरीदारी करते बच्चे। ● अमृत विचार


दुकान के बाहर बिक्री के लिए टंगी पिचकारियां। ● अमृत विचार


दुकान पर बिक्री के लिए रखा गिफ्ट।



बिक्री के लिए रखा पटाखा व रंग।

### बिक्री अच्छी होने की उम्मीद

रंगों के थोक विक्रेता मनी ने बताया कि होली का त्योहार माह के अंत में पड़ने के कारण बिक्री कम होने का अंदेशा था, लेकिन केंद्र व राज्य सरकार के कर्मचारियों के डीए में हुई बढ़ोतरी से अब होली पर अच्छी बिक्री होने की उम्मीद है। इसके लिए हमने तैयारी की है। साथ ही, किराना की दुकानों पर भी चिप्स, पापड़, घी, तेल, अचार के साथ नमकीन की खरीदारी भी बाजार में जोर पकड़ने लगी है।


थोक विक्रेता मनी।

### गुलाल के साथ पक्के रंग बने पसंद

नेहरु चौक पर फुटकर में रंग की बिक्री कर रहे पप्पू ने बताया कि इस बार खुशबू वाले गुलाल की मांग अधिक हो रही है। जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। गुलाल के साथ पक्के रंग की बिक्री हो रही है। पिछले साल के अपेक्षा इस बार अच्छी बचत होने की उम्मीद है।


फुटकर विक्रेता पप्पू।

### अधिकतर सामानों में मोदी-योगी की फोटो

होली के लिए बाजार में आई पिचकारियों व गुब्बारों के पैकेट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी का जादू साफ झलक रहा है। बाजार में आई अधिकतर सामान में इन्हीं दो नेताओं की फोटो दिखाई दे रही है। राष्ट्रीय स्तर के अन्य किसी नेता के स्टीकर वाली पिचकारियां बाजार में काफी कम ही दिखाई दे रही है। बाजार में इन पिचकारियों की कीमत 50 रुपये से शुरू होकर 500 रुपये तक है। छोटे पंप से लेकर वाटर टैंक वाली मोदी-योगी की पिचकारियों की मांग भी अच्छी-खासी है।

### जलेंगे रंग वाले पटाखे

इस बार भी होली पर रंगों वाले पटाखे खूब आए है। बाजार में नए ट्रेंड्स के कलर आइटम्स आए हैं। जिन्हें पटाखों का रूप दिया गया है। इन्हें आग से जलाने पर रंगों के फव्वारे फूटते हैं। एक विशेषता यह भी है कि इनसे आवाज नहीं आती और आसमान में बिखरते रंगों का नजारा देखने लायक होता है। इसमें भी कई फैंसी कलर आइटम्स हैं। हर आइटम की अलग खासियत है। इनमें कलर शॉट्स, स्मॉग पाइप, स्मॉग फाउंटेन, मैजिकल आइस खासा चर्चा में हैं। थोक विक्रेता का कहना है कि इस तरह के कलर आइटम्स पिछले कुछ सालों से बाजार में आ रहे हैं और धीरे-धीरे इनकी मांग भी काफी बढ़ रही है। लोगों के बीच इन्हें खासा पसंद किया जा रहा है। खासकर बच्चे और युवा इनमें खूब रुचि ले रहे हैं।

## एक नजर

### संयुक्त निदेशक अभियोजन ने नए कानून की दी जानकारी

**बदायूं।** मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें संयुक्त निदेशक अभियोजन राकेश चन्द्र पाण्डेय पुलिस अधिकारियों को सरकार द्वारा लाए गए नए कानूनों की जानकारी दी।

संयुक्त निदेशक अभियोजन ने बाया कि केंद्र सरकार द्वारा तीन नये विधायनों- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लाए गए हैं। यह कानून एक जुलाई 2024 से लागू होना नियत है। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक नगर, एके श्रीवास्तव, सहायक अभियोजन अधिकारी अभिषेक कुमार मिश्र, दीपेन्द्र सिंह सेंगर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सरकारी किताबें बेचने वाले लिपिक का रोका वेतन

**कुंवर गांव।** बीआरसी केंद्र पर तैनात एक लिपिक ने प्रशिक्षण के लिए आई किताबें कबाड़ में बेच दीं, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद बीएसए ने उसका वेतन रोकते हुए विभागीय कार्रवाई की है। सालारपुर ब्लॉक में बीआरसी केंद्र पर प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को वितरण होने को आई सरकारी पुस्तकें कबाड़ी को बेचने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में दिखाया गया है कि बीआरसी केंद्र पर तैनात चर्चित वरिष्ठ लिपिक ने गोदाम में रखी क्विंटल सरकारी किताबें एक कबाड़ी को बेच दीं। वीडियो बीएसए स्वाती भारती के संज्ञान में आया। उसके बाद उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र जौहर से दो दिन में जांच रिपोर्ट देने को कहा। रिपोर्ट के आधार पर वेतन रोकते हुए विभागीय कार्रवाई की गई है।

# निपुण होने पर छात्राओं को बांटे सर्टिफिकेट


निपुण सर्टिफिकेट के साथ बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, म्याऊ

- **अभियासा के प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं को दी गई विदाई**

**अमृत विचार :** विकासखंड म्याऊं के प्राथमिक विद्यालय अभियासा में मंगलवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव और कक्षा 5 के छात्र छात्राओं की विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें एआरपी वीरपाल सिंह द्वारा बच्चों को प्रेरणादायक संदर्भ सुनाए, और कहा कि बच्चों को हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए।

एआरपी भानु शंकर तिवारी द्वारा बच्चों से अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर आगे बढ़ाने को प्रेरित किया गया। अंत में कक्षा पांचवीं के सभी बच्चों को निपुण सर्टिफिकेट, पढ़ने की सामग्री, पेंसिल, बॉक्स, लड़कियों के लिए हेयर बैंड विद्यालय की तरफ से वितरित किए गए। प्रधानाध्यापक राजेश कुमार द्वारा सभी बच्चों को अगली कक्षा में प्रवेश लेकर अच्छी पढ़ाई करके विद्यालय का नाम रोशन करने को कहा। अंत में सरिता सचान द्वारा सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। अंत में छात्राओं को निपुण सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर वीर पाल सिंह एआरपी भानु शंकर, एआरपी राजेश कुमार, प्रधानाध्यापक सरिता सचान, सहायक अध्यापक सना खानम, बृजेश आदि रहे।

# वार्ड ब्वाय निलंबन के बाद छानबीन हुई शुरू

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में प्राइवेट काम करने वाले लोगों की छानबीन शुरू हो गयी है।

जिला अस्पताल में कई विभागों में कुछ प्राइवेट युवक काम कर रहे हैं। इनका अस्पताल प्रशासन से कोई लेना देना नही है। इस मामले की शिकायत सीएमएस से की गयी, जिस पर मंगलवार को ऐसे बाहरी लोगों को बाहर करने के लिए पहले पैथोलॉजी विभाग में मौजूद कर्मचारियों से बात की गयी। उनके नाम और पदनाम की जानकारी की गयी। उसके बाद एक्सरे रूम में काम करने वालों से पूछताछ की गयी। एक्स रे रूम में दो युवक बाहरी हैं जो मंगलवार को मौके पर नहीं मिले। यहां पर एक कर्मचारी ही मौजूद मिला। उसके बाद महिला वार्ड में मौजूद स्टाफ से जानकारी की गयी लेकिन कोई भी बाहरी नहीं मिला। सीएमएस ने नेत्र विभाग में भी जांच पड़ताल की, लेकिन पहले से सूचना मिल जाने से यहां से भी दो युवक खिसक गए, मौके पर नेत्र चिकित्सक और दो कर्मचारी ही मिले। सीएमएस डा. कप्तान सिंह ने कहा कि ऐसे लोग मिलते हैं तो उनपर कार्रवाई होगी। आरोप है कि कुछ युवक दबंगई के बल पर यहां काम करते हैं। जिसकी शिकायतें भी मिलती रहती हैं।

# चुनाव ड्यूटी में चिकित्सक पशुओं का नहीं होगा इलाज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लोक सभा चुनाव में पशु चिकित्सकों की ड्यूटी लग जाने से जिले के पशुओं की सेहत भगवान भरोसे रहेगी। यदि कोई पशु बीमार पड़ जाता है तो उसे सरकारी पशु अस्पतालों में दवा नही मिलेगी। बीमार पशुओं को अब झोलाछापों के सहारे ही छोड़ दिया गया है।

जिले में 26 पशु अस्पताल हैं। इनमें कुल 19 पशु चिकित्सक हैं। लोस चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन ने 19 पशु चिकित्सकों में से 15 पशु चिकित्सकों की ड्यूटी चुनाव में लगा दी है। पशुपालन विभाग के पास मात्र चार चिकित्सक बचे हैं। ऐसी स्थिति में यदि ग्रामीण इलाकों में पशुओं में कोई बीमारी फैलती है तो उस पर नियंत्रण कैसे लगाया जा सकेगा। कई अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ही शेष हैं। ब्लाक सलारपुर में पशु टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 703 पशुओं को मुंह पका खुरपका रोग के टीके लगाए जा चुके हैं। ब्लॉक को 59 हजार पशुओं का टीकाकरण करने का लक्ष्य मिला है मगर अब यह अभियान प्रभावित होगा। पशु चिकित्सा अधिकारी डा.संजीव कुमार भुइयार ने बताया कि बड़ा ब्लॉक है। इसलिए ग्रामीण इलाकों में पशु कई तरह की बीमारियों से जूझते रहते हैं जिन्हें त्वरित उपचार की जरूरत होती है। फिर भी पशुओं के उपचार को बेहतर प्रयास किए जाएंगे।



सलारपुर पशु चिकित्सालय।

- **पशुओं के बीमार होने पर पालकों की बढ़ेगी परेशानी**
- **जिले में 19 पशु चिकित्सकों में से 15 की लगी चुनाव में ड्यूटी**

# अस्पताल में बढ़े सर्दी-बुखार के मरीज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मौसम की बदलती तस्वीर अब सिरदर्द बनती जा रही है। दिन में गर्मी और रात को सर्दी लोगों को बीमार कर रहा है जिससे बुखार और जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मरीजों की लंबी लाइन लगने से चिकित्सक भी हैरान हैं कि अभी भी मरीजों की संख्या में कमी नही हो रही है। मंगलवार को 187 बुखार के मरीज देखे गए।

- **मंगलवार को 187 मरीज जिला अस्पताल पहुंचे लगी लंबी कतार**
- **मौसम में बदलाव से बीमार हो रहे मरीजों को डॉक्टरों ने दी सलाह**

करीब बारह दिन से मौसम में बदलाव जारी है। दिन में धूप और गर्मी से बेहाल लोग कम कपड़े पहन रहे हैं जबकि रात होते ही मौसम सर्द हो जाता है। दिन रात में मौसम में हो रहे बदलाव से बीमारी पनप रही है। इस मौसम में पहले लोगों को जुकाम हो रहा है फिर बुखार आता है। मंगलवार को फिजिशियन डा. अलंकार सोलंकी ने 187 मरीज देखे जिसमें 81 मरीजों को सर्दी, जुकाम और बुखार निकला। इसी तरह अन्य चिकित्सकों के पास भी सर्दी जुकाम बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों ने बताया कि जब तक रात दिन के मौसम में समानता नही आएगी तब तक बुखार के मरीज कम नहीं होंगे। इसलिए अभी हल्के कपड़े न पहनें और न ही ठंडा पदार्थ लें। मौसम में परिवर्तन से श्वास और कमजोर लोगों को परेशानी हो रही है। जिनको संभल कर रहने की सलाह दी गयी है।


ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की लाइन।

### बाल रोग विशेषज्ञ न होने से लौट रहे मरीज

जिला अस्पताल के हालत सुधरते नही दिख रहे हैं। यहां पर बाल रोग विशेषज्ञ न होने से बीमार बच्चों को हर रोज लौटना पड़ रहा है। पैथोलॉजी लैब में ब्लड रिपोर्ट समय पर नहीं मिलने से लोग परेशान रहते हैं। मंगलवार को यहां पर पैथोलॉजी लैब में ब्लड जांच रिपोर्ट लेने पहुंचे मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा फिर भी रिपोर्ट नही मिली तो लोग हंगामा करने लगे। कई लोग सीएमएस से शिकायत करने भी पहुंचे।

### अस्पताल गेट पर ई-रिक्शा लगा रहे जाम



जिला अस्पताल के मुख्य गेट से लेकर अंदर तक ई रिक्शा और ऑटो की भरमार रहती है जिससे न तो बाइकें निकल पाती हैं और न ही बड़ी गाड़ियां। अपने वाहनों से आने वाले मरीज भी जाम में फंस जाते हैं। जिला अस्पताल गेट पर सुरक्षा व्यवस्था को कोई इंतजाम नही है।




# 33 डिग्री पहुंचा तापमान गेहूं के उत्पादन पर असर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** मौसम में परिवर्तन से तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो गई। जानकारों के अनुसार अभी मौसम और शुष्क होगा, जिससे किसान चिंतित हैं। गेहूं में बाली आने के साथ ही दाना पड़ गया है, जिसके पतला होने की आशंका उन्हें सता रही है। गेहूं की फसल को दिन में 26 से 28 डिग्री सेल्सियस का तापमान अच्छा माना जाता है।

इस बार जिले में करीब दो लाख 22 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई हुई है। गेहूं में बालियां आ गई हैं। अब उसमें दाने बनने के साथ ही विकसित हो रहे हैं। ऐसे में गेहूं की फसल को दिन में 26 से 28 डिग्री सेल्सियस का तापमान अच्छा माना जाता है, लेकिन इधर एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है। इस समय दिन का तापमान 33 से 34 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। जिसके कारण गेहूं की बालियों में समय से पहले पीलापन आने लगा है। जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि लगातार बढ़ता तापमान खास कर गेहूं के फसल के लिए ठीक नहीं है। अधिक धूप से दाने पूरी तरह विकसित नहीं हो पाएंगे। ऐसे में किसान गेहूं की हल्की सिंचाई कर खेत में नमी बनाए रखें। नमी रहने से फसल पर तापमान का असर कम पड़ेगा और गेहूं के दाने विकसित हो जाएंगे।



- **बढ़ते तापमान की वजह से किसान चिंतित, पतला हो जाएगा गेहूं का दाना**

### ज्यादा देर तक धूप सहन नहीं कर पा रहे लोग

इस बार जनवरी माह में अत्यधिक ठंड का सामना करना पड़ा था। उसके बाद फरवरी माह के दूसरे पखवाड़े से तापमान में बढ़ोतरी होने लगी थी, जिससे सर्दी से राहत मिली थी। उसके बाद मार्च के दूसरे पखवाड़े में तापमान में बढ़ोतरी हुई और सर्दी नाम मात्र की रह गई। रात के तापमान में भी कोई खास फर्क नहीं है जिसके कारण केवल हल्की सी ठंड रात के समय महसूस हो रही है। दिन के समय लोगों ने गर्म कपड़े छोड़कर हल्के कपड़े पहनने शुरू कर दिए हैं।

# बजट के अभाव में बंद हो गई विकास क्षेत्र म्याऊं में लगी पोषाहार यूनिट

## महिला एवं बाल विकास विभाग पर बकाया बताए जा रहे एक करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** यूएन वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के तहत जिले के ब्लॉक म्याऊं में लगी पोषाहार यूनिट बजट के अभाव में बंद हो गई है। जिसकी वजह से तीन सौ से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार नहीं पहुंच रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग पर करीब एक करोड़ रुपये बकाया बताया जा रहा है। पोषाहार लेने के बाद विभाग द्वारा भुगतान नहीं होने की वजह से कच्चा माल खरीदने में महिलाएं असमर्थ हो गईं और उनके द्वारा यूनिट को बंद करना पड़ा।

ऐसी स्थिति में जहां महिलाएं घर पर बैठने के लिए विवश हैं। वहीं, कुपोषण से ग्रस्त बच्चों और महिलाओं को पोषाहार नहीं मिल पा रहा है।

**बेरोजगार हो चुकी हैं 20 महिलाएं :** म्याऊं में बंद पड़ी यूनिट में स्वयं सहायता समूह की बीस महिलाओं के द्वारा पोषाहार बनाया जाता है। यूनिट के बंद होने की वजह से महिलाएं बेरोजगार हो गई हैं। साथ ही मेहनताना न मिलने की वजह से उनके सामने होली का पर्व मनाने के लिए समस्या खड़ी हो गई हैं।

- **स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पोषाहार यूनिट का कर रही थीं संचालन**

### ब्लॉकों पर लगेगी पोषाहार यूनिट

आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुचारू रूप से पुष्टाहार उपलब्ध कराने के लिए विकासखंड म्याऊं अन्नपूर्णा प्रेरणा महिला लघु उद्योग की स्थापना की गई है। पुष्टाहार तैयार करने के लिए अत्याधुनिक मशीनें लगी हुई हैं। पोषाहार यूनिट का संचालन तीन ब्लॉकों के तीन सौ समूह द्वारा किया रहा है। साथ ही पोषाहार का निर्माण बीस महिलाओं के द्वारा किया जा रहा है लेकिन पिछले एक माह से यह यूनिट बंद पड़ी हुई है। यूनिट के पास बजट का अभाव है। बजट न मिलने की वजह से यूनिट बंद पड़ी है। जिला मिशन प्रबंधक ओम सिंह ने बताया कि यूनिट में तैयार किए गए पोषाहार को आंगनबाड़ी केंद्रों पर भेजा गया था। परंतु उसका अभी तक भुगतान नहीं हो सका है। भुगतान न होने की दशा में महिलाओं के सामने कच्चा माल खरीदने के लिए बजट का अभाव है। जिसकी वजह से यूनिट बंद पड़ी हुई है।

### तीन ब्लॉकों में होती है यूनिट से सप्लाई

म्याऊं की बंद पड़ी यूनिट के द्वारा उसावां, म्याऊं और कादरचौक ब्लॉक के करीब तीन सौ से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार पहुंचाया जाता है परंतु यूनिट के बंद होने के चलते एक माह से पोषाहार इन केंद्रों पर नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में कुपोषित बच्चों और महिलाओं को पोषाहार नहीं मिल पा रहा है।

### आईसीडीएस से होगा भुगतान

यूनिट के द्वारा तैयार पोषाहार को आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंचाया जाता है। जितना भी पोषाहार आंगनबाड़ी पर पहुंचता है। उसका भुगतान जिला कार्यक्रम विभाग के द्वारा आईसीडीएस के माध्यम से यूनिट को कराया जाता है। परंतु भुगतान की फाइल विभाग में एक माह से लंबित पड़ी हुई है विभागीय अधिकारी भुगतान करने में लापरवाही बरत रहे हैं।

"पत्रावली को शासन में भेजा गया है। म्याऊं की यूनिट का भुगतान शासन द्वारा किया जाना है। अभी तक क्यों भुगतान नहीं हो सका है। पत्र भेजकर इसकी जानकारी की जाएगी।

– **पीके सिंह**, जिला कार्यक्रम अधिकारी।

"यूनिट बंद है। इसे जल्द ही शुरू कराया जाएगा। यह भी देखा जाएगा कि यूनिट का जिला कार्यक्रम विभाग पर कितना बकाया है। अभी मैं लखनऊ में हूं। लौट कर यूनिट को चालू कराया जाएगा।

– **ब्रजेश शुक्ला**, उपायुक्त एनआरएलएम।

## एक अप्रैल से शुरू होगा संचारी रोग अभियान

**बदायूं, अमृत विचार :** बीमारियों का पता लगाने को एक अप्रैल से संचारी रोग अभियान शुरू किए जाएगा। गर्मियों के दिनों में स्वास्थ्य विभाग संचारी रोग अभियान चलता है जिससे मर्ज और मरीजों का पता लगाया जा सके। इस साल एक अप्रैल से संचारी रोग अभियान शुरू हो रहा है। इस अभियान को दस्तक अभियान भी कहा जाता है। संचारी रोग अभियान में 11 विभाग हिस्सेदारी करेंगे। इनमें चिकित्सा स्वास्थ्य, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम विकास विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, सूचना और उद्यान विभाग की हिस्सेदारी होगी। इन सभी विभागों से 28 मार्च तक माइक्रो प्लान मांगा गया है। संचारी रोग अभियान में आशाएं गांव गांव पहुंचे और वह घर घर दस्तक देंगीं। इसकी रिपोर्ट मलेरिया विभाग को दी जाएगी।

"संचारी रोग अभियान की तैयार कर ली गयी है। इसमे मुख्य रूप से आशाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभियान के तहत जो टीमें काम करेंगी वह हर दिन शाम को रिपोर्ट सीएमओ कार्यालय और मलेरिया विभाग को देंगीं।

– **डा. योगेश सारस्वत**– जिला मलेरिया अधिकारी।

## परिषदीय स्कूल के बच्चों ने जाना कैसे छपता है अखबार



उच्च प्राथमिक विद्यालय वजीरगंज के बच्चों ने जाना कैसे छपता है अखबार।

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय वजीरगंज बदायूं के विद्यार्थियों की मंगलवार को अमृत विचार संस्थान की प्रिंटिंग प्रेस में शैक्षिक भ्रमण कराई गई। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी उमेंद्र दत्त की अध्यक्षता में चयनित सौ बच्चों ने अखबार छपने की पूरी प्रकिया देखी। अमृत विचार टीम ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। छात्रों को प्लेट निर्माण, उनका संयोजन और अखबार की छपाई का लाइव डेमो भी दिया। इस दौरान एआरपी राजेश कुमार, धर्मेंद्र, महीपाल सिंह टंडन, अंबिका, कुसुम, सपना, प्रतिभा, राजेंद्र, नरेश आदि रहे।

## बूथवार बनेगा दिव्यांग मतदाताओं का डाटा

**बदायूं, अमृत विचार:** डीएम ने अधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव के संबंध में बैठक की। इसमें उनके द्वारा दिव्यांग मतदाताओं का डाटा बूथवार तैयार करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि ब्रेल लिपि व संकेत भाषा से मतदान संबंधी प्रक्रिया का प्रचार प्रसार कराया जाए। दिव्यांग मतदाताओं में एक को आइकॉन बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया जाए। जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी प्रणव पाठक ने बताया कि दिव्यांग मतदाताओं के लिए विनोद, अमित शर्मा आदि को आइकॉन बनाया गया है। बताया कि ब्रेल लिपि के लिए विशेष शिक्षक विपिन मिश्रा, सुरेश मिश्रा तथा संकेत भाषा के लिए मनोज कुमार सिंह व इकबाल बहादुर सिंह का सहयोग भी लिया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वैभव आदि रहे।

## दवाओं के सैंपल जांच में पास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **अन्य जिलों में दवाओं का सैंपल फेल होने पर मांगी थी रिपोर्ट**
- **विभाग ने भेजी सभी दवाओं के सैंपल पास होने की रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** जिले से भेजे दवाओं के सैंपल पास हो गए जबकि अन्य जनपदों से भेजे सैंपल जांच में फेल होने पर कार्रवाई की गयी है।

आयुर्वेदिक दवाओं के सैंपल हर महीने जांच को लखनऊ भेजे जाते हैं। बदायूं से भी पांच दवाओं के सैंपल लखनऊ भेजे गए। यह पांचों सैंपल पास हो गए जबकि कुछ अन्य जनपदों से भेजे गए दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। फेल होने वाली दवाओं में एसी न्यूट्रल लिक्विड, आंवला चूर्ण, ज्वाला दाद, वेदान्तक वटी सहित कुछ अन्य दवाएं हैं। बदायूं से भेजी गयी अश्वगंधा चूर्ण और हर्र वटी सहित पांच दवाओं के सैंपल पास हो गए। आयुर्वेदिक विभाग से अब फेल होने वाली दवाओं को प्रतिबंधित कर दिया गया है। इन दवाओं की बिक्री पर फिलहाल रोक लगा दी गयी है। आयुर्वेदिक यूनानी एवं क्षेत्रीय अधिकारी डा. राघवेन्द्र मोहन ने बताया कि उच्चाधिकारियों से मिले निर्देश के बाद अब आयुर्वेदिक दवाओं को लेकर सभी जिलों को पत्र जारी किए गए हैं। अब जिले में आयुर्वेदिक दवाओं को देखने के लिए छापेमारी अभियान चलाया जाएगा।

"जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनायी जाएगी जिसमें जिलाधिकारी अध्यक्ष होंगे और एक खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा आयुर्वेदिक क्षेत्रीय अधिकारी डा. राघवेन्द्र मोहन होंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी और आयुर्वेदिक क्षेत्रीय अधिकारी छापेमारी की रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेगे। छापामार अभियान 21 मार्च से शुरू किया जाएगा।

– **डा. राघवेन्द्र मोहन** – क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी।

## स्कूल से लाखों का सामान चोरी

**उघैती, अमृत विचार :** सोमवार रात चोरों ने स्कूल के कमरों का ताला तोड़कर इंवर्टर और बैट्री समेत दो लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। थाना उघैती क्षेत्र के कस्बा निवासी राजेश कश्यप श्रीबालाजी आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक है। सोमवार को वह स्कूल गए थे। कमरों के ताले टूटे थे। सामान फैला पड़ा था। स्कूल से इंवर्टर, बैट्री, फोटो स्टेट व लेमीनेशन मशीन, सीसीटीवी कैमरा व डीबीआर समेत अन्य सामान गायब था। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। छानबीन करके जल्द खुलासा का आश्वासन दिया है।

### एसएसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**ककराला।** लोकसभा चुनाव के लिए बनाए गए मतदान केंद्रों का मंगलवार को एसएसपी ने निरीक्षण किया। कस्बे के अन्य स्थानों पर की गयी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मंगलवार को यहां पहुंचे एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने संवेदनशील बूथों का जायजा लिया। इस मौके पर चौकी इंचार्ज विक्रम सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### प्रधानों को दिया उन्मुखीकरण का प्रशिक्षण



**उझानी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र उझानी पर एसएमसी अध्यक्ष एवं प्रधानों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण, खंड शिक्षा अधिकारी का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र हजरतगंज में एक दिवसीय नोडल अध्यापक एमसी अध्यक्ष, ग्राम प्रधानों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आहूत किया गया। जिसके अंतर्गत एआरपी आमिर फ़ारूक़, राजेश सक्सेना, मीनाक्षी, ज्योति एवं राजवीर सिंह द्वारा एसएमसी अध्यक्ष एवं प्रधानों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों से अवगत कराया गया। हाल ही में ट्रांसफर हुए खंड शिक्षा अधिकारी शशांक शुक्ला को प्राथमिक शिक्षक संघ एवं शिक्षकों द्वारा विदाई दी गयी। विकास क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाले राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मनीष कुमार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकरियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर से सेवानिवृत्त होने वाले शिवराज को भी विदाई दी गई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद दीक्षित, कोषाध्यक्ष राम किशोर आदि रहे।

### श्रीकृष्ण ने कंस का किया अंत, लगे जयकारे



**बिल्सी।** क्षेत्र के ग्राम बन बेहटा के शिव मंदिर पर चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत के सातवें दिन कथावाचक यतेंद्र ठाकुर जी महाराज ने कंस वध व रुकमणी विवाह के प्रसंगों का वर्णन किया। कथा व्यास ने बताया कि भगवान विष्णु के पृथ्वी लोक में अवतरित होने के प्रमुख कारण थे, जिसमें एक कारण कंस और अत्याचारियों का अंत था। उन्होंने श्रीकृष्ण और रुकमणी विवाह के प्रसंगों का वर्णन किया। इस मौके पर अजय पाल सोलंकी, राजीव सिंह, लल्ला फौजी, विजय कश्यप, अरुण सिंह, हप्पू सिंह, यादराम, राजवीर आदि रहे।

## शिक्षक की हत्या पर शोक व्यक्त कर किया उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **चारों केंद्रों पर 43692 कॉपियां जांची, अब तक 120000 कॉपियों की जांच पूरी**

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान मुजफ्फरनगर में एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके विरोध में मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज में मूल्यांकन से पूर्व शिक्षकों ने शोकसभा का आयोजन किया। इसके बाद उनके द्वारा काली पट्टी बांधकर मूल्यांकन का काम किया। चार दिनों से चल रहे मूल्यांकन कार्य में शिक्षकों के द्वारा 120,000 कॉपियां जांची जा चुकी हैं। मंगलवार को चारों केंद्रों पर 43,692 कॉपियां जांची गईं।

मंगलवार की सुबह राजकीय इंटर कॉलेज में मूल्यांकन करने पहुंचे शिक्षकों के द्वारा शोकसभा का आयोजन किया जिसमें मुजफ्फरनगर लगने से शिक्षक की मृत्यु होने पर उनकी आत्मा की शांति के लिए शिक्षकों ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शिक्षकों कहना था कि शिक्षक के परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए। शोकसभा में जीआईसी के उप नियंत्रक गुल नवाज आलम, राजकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष केहरी लाल, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष रजनीश आदि रहे।

हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया

फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक
रविवार को अवकाश रहेगा।
स्वास्थ्य परामर्श
- डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
- दिल सम्बन्धित बीमारियां
- शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
- बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
- थायराइड, गठिया, खून की कमी
- जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
- दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस, लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
- गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
पता:- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्र:- 7895161674, 7906502059

## शहर में आज

- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में आमलाकी एकादशी पर पंचकोसीय परिक्रमा सुबह सात बजे से।
- राजकीय आईटीआई के तत्वावधान में रोजगार मेला रामवती प्राइवेट आईटीआई परिसर में सुबह 10 बजे से।
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- भाजपा युवा मोर्चा का युवा कार्यकर्ता सम्मेलन पटियाली के पाटलावती फार्म हाउस पर दोपहर 12 बजे से।

## एक नजर

### जानकारी व शिकायत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कासगंज।** जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 40 में हर समय सक्रिय किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने बताया कि किसी भी सामान्य जानकारी व शिकायत कंट्रोल रूम के नंबरों – 05744-297228, 05744-272088, 05744-272105, टोल फ्री नंबर- 1950 पर की जा सकती है।

### भारत गुप्ता होली महोत्सव समिति के अध्यक्ष बने

**कासगंज।** कस्बा में होली महोत्सव समिति की बैठक का आयोजन मोहल्ला केवल स्थित उद्योग युवा व्यापार मण्डल के नगर चैयरमैन विजय गुप्ता के आवास पर किया गया। बैठक में मौजूद लोगों एवं नवयुवकों द्वारा सर्वसम्मति से भारत गुप्ता को होली महोत्सव समिति का अध्यक्ष व महामंत्री अमित वर्मा रिंकू और कोषाध्यक्ष विकल्प गुप्ता को चुना गया। इस दौरान एडवोकेट संजीव गुप्ता, अमित चंद्रा, सचिन गुप्ता, स्कंद महाजन, गौरव गुप्त सीटू भैया, प्रफुल्ल जैन आदि मौजूद रहे।

### सराफा एसोसिएशन का होली मिलन 24 को

**कासगंज।** जिला सराफा एसोसिएशन का होली मिलन समारोह 24 अप्रैल को शाम चार बजे से होगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने दी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम नदरई गेट स्थित स्टेट बैंक के समीप उनके आवास पर होगा।

---

**संवेदनशील व अतिसंवेदनशील पोलिंग बूथों का स्थलीय निरीक्षण, मंडलायुक्त एवं आईजी ने बैठक कर दिए निर्देश**

# स्वीप गतिविधियां बढ़ाकर मतदान के प्रति मतदाताओं को किया जाए जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



शहर के नवाब तरौरा मतदान केंद्र का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों को निर्देशित करतीं मंडलायुक्त चैत्रा .बी, आईजी शलभ माथुर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त एवं आईजी ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। मतदान फीसद बढ़ाने और चुनाव को निष्पक्ष शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। तैयारियों की समीक्षा की। संवेदनशील और अति संवदेनशील मतदान केंद्रों पर निरीक्षण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मंडलायुक्त चैत्रा. बी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों को कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। अब सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के अधीन रहकर निष्पक्षता, सतर्कता और टीम भावना के साथ कार्य करें। स्वीप एक्टिविटीज को बढ़ाकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए निरंतर जागरूक किया जाए। ईवीएम की पूर्ण सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाये। सभी थानों पर चुनाव रजिस्टर तैयार कर लिये जायें। बुर्कानशीन मतदाताओं की पहचान के लिये पोलिंग बूथ पर महिला कार्मिक उपस्थित रहें। निर्वाचन में व्यावधान डालने वाले व्यक्तियों के विरुद्व कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आईजी शलभ माथुर ने कहा कि पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है कि आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन कराया जाए। होली, ईद उल फितर एवं रामनवमी के दृष्टिगत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी थानावार शान्ति समितियों के साथ बैठक कर लें। यदि कोई समस्या है तो उसका समय से निस्तारण सुनिश्चित करें। कोई नई परम्परा उत्पन्न न होने दें। होली पर हुड़दंगियों के साथ सख्ती से निपटा जाए। सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाए। अफवाहों को न फैलने दें। बैठक में अपर आयुक्त अलीगढ़ भगवान शरण, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, सीडीओ सचिन, एडीएम राकेश कुमार पटेल, सभी एसडीएम, एएसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

### जिले का लोकसभा का चुनाव कार्यक्रम

डीएम सुधा वर्मा ने बताया कि जिले में निर्वाचन की अधिसूचना 12 अप्रैल 2024 को जारी होगी, नाम निर्देशन के लिए अंतिम तिथि 19 अप्रैल, नाम निर्देशनों की जांच 20 अप्रैल, नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 22 अप्रैल, मतदान 7 मई को तथा मतगणना 4 जून को होगी। उन्होंने बताया कि जिले की तीनों विधान सभा क्षेत्रों के 795 मतदान केन्द्र और 1149 मतदेय स्थलों पर कुल पुरुष मतदाता 556481, महिला मतदाता 490580 व अन्य मतदाता 39 कुल जेंडर रेशियो 882 है। मतदान के दौरान 1047100 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें दिव्यांग मतदाता 11169 तथा 85 प्लस 8219 मतदाता एवं सर्विस मतदाता की संख्या 1165 है। चुनाव को व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिये जनपद में कुल 91 सेक्टर आफिसर तैनात किये गये हैं। कुल 10 जोन बनाये गये हैं।

### पोलिंग बूथ और मंडी स्थल का किया निरीक्षण

मंडलायुक्त चैत्रा .बी एवं आईजी शलथ माथुर ने गल्ला मंडी स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। चुनाव संबंधी कार्यक्रम के संचालन की व्यवस्था के संबंध में डीएम सुधा वर्मा एवं एसपी अपर्णा रजत कौशिक से जानकारी ली। उन्होंने ईवीएम की सुरक्षा, पोलिंग पार्टियों के रवाना होने सहित अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके बार अधिकारियों ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय वाहिदपुर माफी, प्राथमिक विद्यालय नवाब तरौरा सहित कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। डीएम को निर्देश दिए कि मतदान की सभी व्यवस्थाएं पूरी हो जाएं। मंडी स्थल से ही कार्यक्रमों का संचालन होना है। व्यवस्था में कोई चूक न हो।

---

# सीआरपीएफ जवान के बेटे का शव गड्ढे में मिला, हत्या की जताई गई आशंका

## सोमवार को हुआ था लापता, शव का पोस्टमार्टम कराया, शव पर हैं चोट के निशान

संवाददाता, सोरोंजी (कासगंज)



घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सोरोंजी क्षेत्र के गांव गऊपुरा में सोमवार को लापता हुआ सीआरपीएफ के जवान के बेटे का शव मंगलवार को गड्ढे में मिला है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। शव पर चोट के निशान है। ऐसे में पीटकर हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है, हालांकि अभी पुलिस को तहरीर नहीं मिली है।

गांव गऊपुरा निवासी उमाकांत सीआरपीएफ में जवान हैं। उनका परिवार गांव में ही रहता है। सोमवार दोपहर उनका 3 वर्षीय बेटा चिराग घर के बाहर खेल रहा था और फिर वहां से गायब हो गया। जब परिजनों ने उसकी तलाश की तो उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस को सूचना दी गई। लोग मंगलवार सुबह मासूम की तलाश कर रहे थे, तभी किसी की नजर गांव के समीप एक गड्ढे में भरे पानी में पड़ी। वहां प्रतीत हुआ कि इस गड्ढे में कोई शव है। ग्रामीणों ने गड्ढे में घुसकर तलाश की तो

> लापता मासूम का शव मिला है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। हर पहलू पर जांच की जा रही है। परिजनों की तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> **– अजीत चौहान,** सीओ सिटी



मृतक चिराग

मासूम चिराग का शव मिला। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों को आशंका है कि चिराग की हत्या कर शव गड्ढे में फेंका गया है, हालांकि अभी किसी व्यक्ति को नामजद नहीं किया गया है।

चिराग के ताऊ सूर्यकांत ने बताया कि उनके भतीजे की हत्या कर शव फेंका गया है। पुलिस मामले की पूरी जांच करे और जो भी सच्चाई हो उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई करे।

### वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों की जानकारी दी

**कासगंज।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश पटेल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जो निर्वाचक एपिक प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं है तो उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए उल्लिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेन्स, राज्य व केन्द्र सरकार के लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों, डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र, आधार प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

# लोकसभा चुनाव के लिए आरक्षित रखी जाएंगी बसें

कार्यालय संवाददात, कासगंज

- जिला प्रशासन की मांग पर परिवहन निगम ने दो बसें चुनाव के लिए सौंपी
- पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवानों को जरूरत के आधार पर उपलब्ध कराई जाएगी बस

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारियां हो गई हैं। आयोग ने आचार संहिता लागू कर दी है। तिथियां निर्धारित हो गई हैं। कासगंज जिले में सातवें चरण में चुनाव होगा। इधर परिवहन व्यवस्था भी बेहतर बनाई जाएगी। जिससे चुनाव में कोई अव्यवस्था न रहे। परिवहन मुख्यालय लखनऊ से बसों का किराया तय किया गया है और स्थानीय स्तर पर जरूरत के आधार पर बसें आरक्षित करने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवानों के लिए परिवहन निगम की बसें लगाई जाएंगी। फिलहाल तो जिला प्रशासन की ओर से कुल दो बसें मांगी गई थीं। यह दोनों ही बसें परिवहन निगम ने उपलब्ध करा दी हैं। मुख्यालय के दिशा निर्देशों के क्रम में बसों की व्यवस्था परिवहन निगम करा रहा है। बाहर से जब फोर्स आ जाएगा और बसों की जरूरत होगी तो परिवहन निगम बसें देगा। इसकी एवज में निर्वाचन विभाग से निर्धारित किराया भी लेगा। तैयारियां अधिकारियों द्वारा की जा रही है।



> प्रशासन के मांगने पर दो बसें दे दी हैं। जरूरत के आधार पर और भी बसें उपलब्ध कराई जाएंगी। शासन से दिशा निर्देश भी मिल चुके हैं। चुनाव की व्यवस्था में कहीं कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। **– ओम प्रकाश,** एआरएम

---

# हत्यारोपी पुलिसकर्मी की बर्खास्तगी की मांग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- मृतक के आश्रित को 10 करोड़ का मुआवजा देने की मांग की गई
- शिक्षक संघ ने सीएम को संबोधित ज्ञापन डीआईओएस को दिया



डीआईओएस पीके मौर्य को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुलिसकर्मी द्वारा शिक्षक की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना पर राजकीय शिक्षक संघ ने आक्रोश व्यक्त किया। हत्यारोपी पुलिसकर्मी को बर्खास्त किए जाने और मृतक शिक्षक के आश्रितों को 10 करोड़ का मुआवजा दिए जाने की मांग मुख्यमंत्री से की है। शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन दिया है।

जिलाध्यक्ष रजनीकांत निर्मल ने कहा कि बीती 18 मार्च को यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर आ रहे शिक्षक की सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई।

उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे पुलिसकर्मी को सेवा से बर्खास्त कर देना चाहिए। जिला महामंत्री लाल सिंह यादव ने कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो, इसलिए शिक्षकों की ऐसे कार्यों में ड्यूटी न लगाई जाए। उन्होंने कहा कि मृतक आश्रितों को सरकार 10 करोड़ का मुआवजा दे। शिक्षकों ने छह सूत्रीय मांग पत्र डीआईओएस पीके मौर्य को देकर मुख्यमंत्री से पूरा किए जाने की गुहार लगाई। इस दौरान खूबेंद्र सिंह, गजराज सिंह, प्रेम प्रकाश, उर्मिला कुमारी, राखी, रीता कुमार, राघवेंद्र सिंह, हरी सिंह, जनार्दन सिंह, विनोद कुमार, बीरेंद्र पाठक, देवी सिंह, वेद प्रकाश, नीलेश, राजेंद्र सिंह, सरिता, अनुष्का, बृजेश, गौरी प्रतिहार, राजचंद्र मौजूद रहे।

### मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार कर किया प्रदर्शन

शिक्षक की हत्या के विरोध में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य का विरोध कर मूल्यांकन केंद्र के बाहर प्रदर्शन किया। घटना पर आक्रोश जताया। शिक्षक आलोक द्विवेदी ने कहा कि एकदिवसीय मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार परिवार को न्याय न मिलने पर आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

# दिल्ली में छोटे पर्दे पर बिखरी सोरों की खुशी

संवाददाता, सोरोंजी

- सोनी टीवी के सुपर स्टार सिंगर कार्यक्रम में हुआ चयन




कार्यक्रम में खुशी नागर को गले लगातीं सिंगर नेहा कक्कड़।

**अमृत विचार :** पहले तारे जमीन पर उतारे और अब संगीत की दुनिया में एक नया मुकाम हासिल कर लिया। तीर्थ नगरी की बाल गायिका ने सोनी टीवी के सुपर स्टार सिंगर कार्यक्रम में अनूठी प्रस्तुति दी। जिससे वह छोटे पर्दे पर छा गई। उसका चयन टॉप 15 गायक-गायिकाओं में किया गया है। उनके चयन पर तीर्थ नगरी सोरों में ही नहीं बल्कि पूरे जिले में खुशी का माहौल है। सोशल मीडिया लगातार बधाई दी जा रही है।

तीर्थनगरी की 14 वर्षीय गायिका खुशी नागर को सोनी टीवी के म्यूजिकल कार्यक्रम सुपर स्टार सिंगर के टॉप 15 सिंगर में चयनित किया गया है। खुशी नागर का जन्म तीर्थनगरी में हुआ है। जब वह 6 वर्ष की थी, तब उनके पिता मुकेश नागर काम की तलाश में दिल्ली चले गए। वहां वह रेडीमेड कपड़ों का थोक का कारोबार करते हैं। इधर बेटी में कुछ करने का जज्बा था। स्कूल स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में सहभागिता कर उसने संगीत के क्षेत्र में आगे बढ़ने का लक्ष्य तय किया। वर्ष 2021 में तारे जमीन पर ऑडिशन में उसने मुकाम हासिल कर पुरस्कार पाया। अब सोनी टीवी के कार्यक्रम में उसने धूम मचाकर तीर्थनगरी का नाम रोशन किया है।

पिता मुकेश ने बताया कि कक्षा 10 की छात्रा खुशी को बचपन से ही गायकी में रुचि रही है। उसने स्कूल स्तर व अंतरराज्यीय स्तर पर गायकी के क्षेत्र में कई पुरस्कार भी जीते हैं। मुंबई में हुए सुपर स्टार सिंगर के ऑडिशन में कई चरणों के अंत में टॉप 15 में चुनी गई। कार्यक्रम की होस्ट नेहा कक्कड़ ने उसे गले लगाकर मेडल पहनाया।

# परिषदीय विद्यालयों की परीक्षाएं आज से



परिषदीय विद्यालयों में परीक्षाओं को लेकर अधीनस्थों को निर्देशित करते खंड शिक्षाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- खंड शिक्षाधिकारी ने बैठक कर अधीनस्थों को दिए निर्देश
- विद्यालयों में भेजे जा चुके हैं प्रश्न पत्र

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में परीक्षाएं बुधवार से शुरू होंगी। इसके लिए विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। विद्यालयों में प्रश्न पत्रों को भेजा जा चुका है। ब्लॉक संसाधन केंद्र पटियाली के सभागार में बैठक कर खंड शिक्षाधिकारी ने संबंधितों को परीक्षा संबंधी दिशा निर्देश दिए।

खंड शिक्षाधिकारी शशिकांत ने कहा कि सभी विद्यालयों में परीक्षाओं को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जाए। विद्यालयों को प्रश्न पत्र शीलबंद लिफाफे में प्राप्त करा दिए गए हैं। लिफाफे से किसी तरह की छेड़छाड नहीं होनी चाहिए। अन्यथा की स्थिति में जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। परीक्षाओं में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपोजिट विद्यालयों का शत प्रतिशत प्रयोग किया जाए। परीक्षाओं में व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यार्थी अनुपस्थित न रहें इसका ध्यान रखा जाए। यदि परीक्षार्थी अनुपस्थित है तो उसकी अनुपस्थिति का कारण जानने के लिए अभिभावक से संपर्क किया जाए। उन्होंने परीक्षाओं को लेकर प्रधानाचार्यों और शिक्षकों की शंकाओं का समाधान किया तथा आगामी सत्र को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में सुखवीर सिंह, अमित द्विवेदी, मनोज कुमार, रतन प्रकाश, सुरजीत कुमार, प्रदीप यादव, यशवीर सिंह, रीतेश शर्मा सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षक मौजूद रहे।

---

# 51 लोगों के नेत्रों में पाया गया मोतियाबिंद का दोष

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- शहर के राज कोल्ड स्टोरेज पर लगाया गया नि:शुल्क शिविर
- 112 लोगों के दृष्टि और रोगों का किया गया परीक्षण



राज कोल्ड स्टोरेज पर रोगी का नेत्र परीक्षण करते चिकित्सक।

**अमृत विचार :** कल्याण करोति एवं श्री जी बाबा नेत्र चिकित्सा संस्थान मथुरा द्वारा शहर के राज कोल्ड स्टोरेज पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें चिकित्सकों की टीम ने शिविर में आए लोगों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। 51 लोगों के नेत्रों में मोतियाबिंद का दोष पाया गया।

शिविर का शुभारंभ राज कोल्ड स्टोरेज के प्रबंधक मुकेश शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में बालाजी नेत्र चिकित्सा संस्थान मथुरा के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अनुभव उपाध्याय के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में कुल 112 लोगों ने नेत्र परीक्षण के लिए पंजीकरण कराया। पंजीकरण के दौरान 51 लोग मोतियाबिंद के दोष से पीड़ित पाए गए। जिन्हें ऑपरेशन की सलाह दी गई। 45 लोगों में दृष्टि दोष पाया गया। जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह देते हुए दवाएं दी गईं। कोऑर्डिनेटर श्याम सुंदर जादौन ने बताया कि जिन लोगों में मोतियाबिंद का दोष पाया गया है। सभी का ऑपरेशन निःशुल्क मथुरा के श्री जी बाबा नेत्र चिकित्सा संस्थान में किया जाएगा। इस दौरान डॉ. सुमित सिंह, राहुल लवानिया मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद देवेंद्र यादव का स्वागत, रोड शो निकाला

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



पूर्व सांसद देवेंद्र सिंह यादव को चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत करतीं पूर्व पालिकाध्यक्ष रजनी साहू, साथ में मौजूद सदर विधायक, अमांपुर विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

- भाजपा में शामिल होने के बाद मंगलवार को पहुंचे कासगंज

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद देवेंद्र सिंह यादव का भाजपा में शामिल होने के बाद कासगंज पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। पूर्व सांसद के रोड शो में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की भीड़ उमड़ी।

समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद देवेंद्र सिंह यादव रविवार को भाजपा में शामिल हुए थे। मंगलवार की शाम वह कासगंज पहुंचे तो उनका जोरदार स्वागत किया गया।

रोड शो में भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूर्व पालिकाध्यक्ष रजनी साहू के आवास पर उन्हें चांदी के मुकुट पहनाए गए। गांव नदरई में सदर विधायक देवेंद्र राजपूत के आवास पर भी भव्य स्वागत हुआ।

पूर्व सांसद का रोड शो सरकुलर रोड स्थित उर्मिला पैलेस पर संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा विजयी होगी। कासगंज-एटा में राजवीर सिंह तीसरी बार रिकार्ड अंतर से सांसद बनेंगे। अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, राजवीर सिंह साहू, रोबिन साहू, गोपाल मराठा, डीएस लोधी, हरिओम शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र लोधी, सचिन यादव, सौरभ यादव, मास्टर यादव, कुलदीप प्रतिहार, कृष्णा राजपूत, विजेंद्र सिंह गौर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# पॉक्सो एक्ट के दोषी को 10 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली से संबंधित 10 वर्ष पुराने पॉक्सो एक्ट की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने एक आरोपी को दोषी करार दिया है। दोषी को 10 वर्ष की सजा और जुर्माने से दंडित किया गया है। जबकि दो किशोर अपचारी को पृथक कर किशोर न्यायालय बोर्ड में वाद चलाया जाएगा।

सदर कोतवाली के गांव तिलसई कला में 11 दिसंबर 2015 को गांव के ही साजिद, जाबिर अपनी दो नाबालिग बहनों के साथ मिलकर गांव की एक किशोरी को नशीला पदार्थ सुंघाकर कार में डालकर ले गए। दिल्ली में ले जाकर आरोपी साजिद और जाबिद ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। मामले में पीड़िता के पिता ने साजिद, जाबिर और उनकी नाबालिग बहनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की जांच करते हुए जांच अधिकारी ने सभी आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय में चार्टशीट दाखिल की। न्यायालय उपस्थित होकर आरोपितों ने घटना से इनकार किया और झूठा फंसाया जाना बताते हुए परीक्षण की मांग की। जबकि दो बहनों को किशोर अपचारी का दावा किया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करते हुए लोक अभियोजक संजीव दरक एडवोकेट ने गवाहों और सबूतों को पेश किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी साजिद को दोषी करार दिया गया। जबकि जाबिर रजा की दौराने मुकदमा मौत हो गई। न्यायालय ने आरोपी बहनों को किशोर अपचारी होने के कारण किशोर न्यायालय में उनके विरुद्ध मुकदमा चलाए जाने के निर्देश दिए। न्यायालय ने आरोपी को 10 वर्ष का कारावास और जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## एक नजर

### मध्यस्तता के चलते टूटने से बच गया घर

**कासगंज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समझौता केंद्र में मध्यस्तता के चलते परिवार को टूटने से बचाया जा रहा है। मध्यस्थ अधिवक्ता सत्येंद्र पाल सिंह बैस ने सोमवार को एक प्रकरण में सुलह कराई। सीजेएम न्यायालय से भेजी गई पत्रावली का अवलोकन किया और पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया। इसके बाद दोनों साथ रहने के लिए तैयार हुए। एक छोटे बच्चे के साथ यह परिवार अब एक साथ रहेगा।

### डॉ. श्रीकृष्ण शरद ब्रजभाषा मनीषी से सम्मानित



**कासगंज।** राजस्थान के साहित्य मंडल श्रीनाथ द्वारा में आयोजित पाटोत्सव ब्रज भाषा समारोह में कासगंज के मूल रूप से रहने वाले आकाशवाणी के सेवानिवृत्त उद्घोषक डॉ. श्रीकृष्ण शरद को सम्मानित किया गया है। उन्हें ब्रज भाषा मनीषी की उपाधि से सम्मानित कर आयोजकों ने उन्हें प्रशस्ति पत्र दिए हैं। बता दें कि डॉ. श्रीकृष्ण शरद ने 30 वर्ष तक आकाशवाणी में सेवा दी है।

### धोखाधड़ी कर बैंक से रुपए निकाले, मामला दर्ज

**मारहरा।** क्षेत्र के गांव समसपुर निवासी धीरेश पुत्र रमेश चन्द्र का कहना है कि गांव के निवासी संजू पुत्र सूजर सिंह ने खाताधारकों के बैंक में खाते खुलवाने के बाद बैंक पासबुक ले लीं। मारहरा की केनरा बैंक में खाते खोलने के पश्चात पासबुक नही दीं। आरोप है कि संजू ने खाताधारकों के खातों में आई सरकारी धनराशि निकाली ली। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल

**जैथरा।** थाना क्षेत्र के गांव छोटी जरारी निवासी एसटीओ धारा सिंह पुत्र सलेहवीर सिंह ने बताया कि जैथरा के गांव नगला जगपत निवासी ओमेन्द्र उर्फ टिल्लू पुत्र नत्थू सिंह समेत दो लोगों ने पीड़ित के घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरी ओर मलावन के गांव कम्मापुर निवासी सीमा पत्नी प्रमोद का कहना है कि घर में घुसकर गांव के निवासी सोहन पुत्र रामदास समेत चार लोगों ने मारपीट की और गाली गलौज की है। पुलिस जांच कर रही है।


**बीते एक पखवाड़े में बढ़ गई आलू की कीमतें, त्योहार के चलते बढ़ी आलू की मांग**

# सब्जियों के राजा आलू पर भी चढ़ा होली का रंग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** रंगों के त्योहार होली पर जहां खाद्य सामग्री की कीमतें बढ़ी हैं, वहीं सब्जियों के राजा आलू पर भी इसका रंग चढ़ गया है। त्योहार पर आलू की मांग बढ़ जाने से कीमतों में इजाफा हुआ है। किसान खुश हैं तो उपभोक्ता बढ़ती कीमतों से चिंतित हैं।

आलू को सब्जी का राजा कहा जाता है। घर की रसोई से लेकर हर कार्यक्रम में इसकी मांग हमेशा बनी रहती है। विशेषकर होली पर घरों में आलू के चिप्स और पापड़ बनाए जाते हैं। लिहाजा इसकी मांग एकाएक बढ़ जाती है। बीते एक पखवाड़े में आलू की मांग बढ़ने से कीमतों में भी उछाल आ गया। आलू की कीमतें लगभग 20 फीसद तक बढ़ गई हैं। बीते पखवाड़े आलू 11 सौ रुपये प्रति क्विंटल थोक भाव था, वह अब 15 सौ 16 सौ रुपये क्विंटल पहुंच गया है। जबकि जीएम आलू की कीमतें तो आसमान पर हैं। यह फुटकर में 35 से 35 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। जबकि 3792 किस्म का आलू 20 रुपये तक जा पहुंचा है। जबकि बीते पखवाड़े यह आलू 14 रुपये किलो बिका था। आलू की बढ़ती कीमतों से किसानों के चेहरे पर खुशी है। जबकि उपभोक्ता की जेब पर अतिरिक्त भार पड़ा है।



आलू पर महंगाई होने के कारण ग्राहकों का इंतजार करता आलू विक्रेता।



आलू की खोदाई लगभग एक माह से चल रही है जोकि अब अंतिम चरण में है। आलू कोल्ड में पहुंच गया है। किसान पर नहीं है। इसलिए आलू महंगा बिक रहा है। **– वरुण प्रताप,** किसान, बढ़ारी बैस



प्राय : इन दिनों में नया आलू आता है और होली के त्योहार पर कई गुना मांग बढ़ जाती है। मांग के चलते आलू की कीमतों में कुछ वृद्धि होती है। बीते एक पखवाड़े में 20 फीसद कीमतें बढ़ी हैं। **– कुसुम लता**



होली के त्योहार पर आलू की कीमतें बढ़ने की अपेक्षा कम होनी चाहिए। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार भी त्योहार पर आलू के चिप्स और पापड़ बना सकें। **–तलपेश**



हर घर की रसोई में आलू का नियमित प्रयोग होता है। वहीं होली के पर्व पर आलू की मांग बढ़ जाती है। आलू की कीमतें नियंत्रित ही रहनी चाहिए तो बेहतर रहेगा। **– कंचन पांडेय,** गृहिणी

## बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही का जोरदार स्वागत

**जलेसर।** बहुजन समाजवादी पार्टी का एकदिवसीय कैडर कैंप का आयोजन जलेसर में आगरा रोड स्थित विधानसभा क्षेत्र कार्यालय पर संपन्न हुआ। पूर्व मंत्री राजवीर सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत करें। इससे पूर्व आगरा जलेसर बॉर्डर पर बसपा प्रत्याशी बहन पूजा अमरोही का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह भास्कर, जिला पंचायत सदस्य मुकेश कुमार यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष कालीचरण पुष्कर, रामदास सविता, अरविंद जाटव, अखिलेश दिनकर, देवकी सिंह, धर्मेंद्र सोनी सहित बसपा के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आकर मजदूर की मौत

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सहावर थानाक्षेत्र के गांव प्रतापपुर में मकान निर्माण में लगे दिहाड़ी मजदूर की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मजदूर की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक अभिषेक

गांव प्रतापपुर निवासी महेंद्र पुत्र राजपाल के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। गांव का ही 22 वर्षीय अभिषेक पुत्र राजवीर दिहाड़ी मजदूर के रूप में कार्य कर रहा था। मंगलवार की सुबह लगभग नौ बजे राजमिस्त्री के साथ वह चिनाई के काम में लगा था। तभी मकान के ऊपर से गुहर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आकर घायल हो गया। साथ काम कर रहे अन्य मजदूर और परिवार के लोग उसे सहावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर बताते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



जिला अस्पताल में रोते-बिलखते मृतक के परिजन।

- **मजदूर की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

करंट की चपेट में आकर अभिषेक निवासी प्रतापपुर की मौत हुई है। मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। **– लोकेश भाटी,** थानाध्यक्ष सहावर

**चल रही थी शादी की बात:** अभिषेक के पिता राजवीर ने बताया कि उसकी चार संतानों में से रोहित दूसरे नंबर पर था। उसकी बड़ी बेटी सुषमा का विवाह हो चुका है। जबकि एक बेटा 15 वर्षीय रोहित और 11 वर्षीय बेटी बेबी है। उन्होंने बताया कि अभिषेक की शादी की बात चल रही थी। होली के बाद लड़की वाले देखने आने वाले थे।

## सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत, तीन घायल

**एटा, अमृत विचारः** सड़क हादसों में एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रिजोर थाना क्षेत्र के ग्राम बाकलपुर निवासी राम सिंह को 4 मार्च को बाकलपुर के पास ही पैदल जाते समय किसी वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था। उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया था। उपचार के दौरान सोमवार की देर रात राम सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

वहीं दूसरी ओर कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला शीतलपुर निवासी नीतू पत्नी लवी कुमार मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में घायल हुई है। उसको मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं कोतवाली देहात के गांव कठौली निवासी सतीश चन्द्र की स्कूटी में ऑटो ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। उसको उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा हुए सड़क हादसे में सकीट के गांव नगीला गंगी निवासी श्रीदेवी पत्नी जय सिंह घायल हुई हैं।

# शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : एसडीएम



शांति समिति की बैठक में मौजूद एसडीएम कुलदीप सिंह, सीओ विजय कुमार राणा, धर्मगुरु व सभ्रांत नागरिक। ● अमृत विचार

संवाददाता, पटियाली

- **आगामी त्योहारों को लेकर धर्मगुरुओं के साथ संपन्न हुई पीस कमेटी की बैठक**

**अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में आगामी लोकसभा चुनाव, होली, नवरात्री, ईद पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में त्योहारों को शांति से मनाने की अपील की गई। साथ ही चुनाव में व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहयोग मांगा गया। इस दौरान शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह ने कहा कि कोतवाली क्षेत्र में 150 स्थानों पर रखी जाने वाली होली अपने-अपने क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में जलाएं। विवाद की सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जाएगा। पटियाली क्षेत्राधिकारी विजय कुमार राणा ने कहा रंग, अबीर, गुलाल जबरन किसी को न लगाएं। सोशल मीडिया पर भी कोई भड़काऊ पोस्ट न डालें। अराजक तत्वों की सूची तैयार की जा रही है। यदि किसी ने त्योहार के जश्न में खलल डाला तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अधिशाषी अधिकारी सर्वेश शुक्ला, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गोविंद बल्लभ शर्मा, क्राइम इंस्पेक्टर रामदास, उपनिरीक्षक प्रदीप मलिक, चंद्रेश गौतम, जगमोह शुक्ल, यशवीर सिंह राठौर, गौरव गुप्ता, अवधेश पांडेय, अरविंद चौहान, राजीव गुप्ता, कृष्ण कुमार शर्मा, हसमत अली, शाहिद सभासद, प्रभात गुप्ता, सत्यम गुप्ता, तुलसी गुप्ता, मारूफ कुरेशी, ज़मीर अहमद राइन, मनोज राठौर, रियंक वार्ष्णेय, सभासद हाशिम राईन, शाहिद, अंबुज द्विवेदी, संजीव सोलंकी, नयन मिश्र मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## रोजगार मेले का आयोजन आज

**कासगंज।** राजकीय आईटीआई के तत्वावधान में बुधवार को मां रामवती प्राइवेट आईटीआई बांकनेर कासगंज में रोजगार मेला लगाया जाएगा। मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा इंटर पास बालिकाओं तथा फिटर, मोटर, मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, मशीनिष्ट, टर्नर, वायरमैन, वेल्डर तथा आरएसी व्यवसायों में 18 से 23 वर्ष के आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। प्रधानाचार्य ज़हीर आलम ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी सुबह 10 बजे उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# आज मनेगी रंग भरनी एकादशी आरंभ होगा होली का पर्वकाल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **भगवान विष्णु एवं शिव-पार्वती की होगी पूजा-अर्चना**
- **मंदिरों में आयोजित होंगे धार्मिक कार्यक्रम**

**अमृत विचार :** रंग भरनी एकादशी बुधवार को मनाई जाएगी। घरों में भगवान विष्णु एवं शिव पार्वती की पूजा होगी। इस दौरान श्रद्धालु उपवास रखेंगे। शहर के अलावा तीर्थ नगरी के मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम कराए जाएंगे। इसी के साथ होली का पर्वकाल प्रारंभ होगा।

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष एकादशी को रंग भरनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। इस एकादशी को आमल की एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। नृसिंहपरिचर्या ग्रंथ के अनुसार इस दिन भगवान् विष्णु, भगवती लक्ष्मी के साथ आंवले के वृक्ष पर वास करते हैं। इस दिन प्रातः स्नानादि के पश्चात हाथ में जल लेकर संकल्प करें तथा आँवले के वृक्ष के समीप बैठकर भगवान् का पूजन करें। ब्राह्मणों को दक्षिणा दें और कथा सुनें। बाद में एक सौ आठ, अट्ठाइस या आठ परिक्रमा करें। रात्रि में जागरण करके दूसरे दिन पारण करें। ऐसा करने से विष्णुलोक की प्राप्ति होती है। इसकी कथा का सार यह है कि वैदेशिक नगर में चैत्ररथ राजा के यहाँ एकादशी के व्रत का अत्यधिक प्रचार था। एक बार फाल्गुन शुक्ल एकादशी के दिन नगर के सम्पूर्ण नर-नारियों को व्रत के महोत्सव में मग्न देखकर कौतूहलवश एक व्याधा वहाँ आकर बैठ गया और भूखा-प्यासा दूसरे दिन तक वहीं बैठा रहा। इस प्रकार अकस्मात् ही व्रत और जागरण हो जाने से दूसरे जन्म में जयन्ती का राजा हुआ।

**रंगभरनी एकादशी शुभ मुहूर्त**

ज्योतिषाचार्य माधव उपाध्याय ने बताया कि एकादशी तिथि 20 मार्च को रात 12 :21 से प्रारंभ हो रही है। एकादशी तिथि का समापन 21 मार्च को सुबह 02 :22 मिनट तक है। रंगभरनी एकादशी का शुभ मुहूर्त 20 मार्च है। इस दिन शिव पार्वती की पूजा का विशेष महत्व है।

## उधारी के रुपये मांगने पर पशु चिकित्सक को पीटा

**जैथरा।** थाना क्षेत्र के नगला बिरियन में पशु चिकित्सक को उधारी के रुपये मांगना भारी पड़ा। जैथरा थाना क्षेत्र के गांव बड़ी जरारी निवासी धारा सिंह पेशे से पशु चिकित्सक हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार की दोपहर नगला बिरियन में छोटेलाल के पालतू पशु का इलाज करने के लिए गया था। तभी वहां जिला मैनपुरी के बिछवां थाना क्षेत्र के रहने वाले ओमेंद्र व सचिन आ गए। इन लोगों पर मेरा उधारी का रुपया था। जिसे मांगने पर वह लोग आगबबूला हो गए। मेरे साथ गाली गलौज करते हुए पिटाई शुरू कर दी। बचने के लिए मैं छोटेलाल के मकान में घुस गया। इसके बाद इन लोगों ने घर में घुसकर पिटाई की और दोबारा पैसा मांगने पर जान से मरने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# होली से पूर्व पुलिस बना रही हुड़दंगियों की कुंडली

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **अराजक तत्वों से भरवाए जा रहे मुचलके**
- **होली पर्व को लेकर ऐहतियात बरत रही पुलिस**

**अमृत विचार :** होली पर्व पर कोई अनहोनी न हो इसके लिए पुलिस पूरी तरह सतर्कता बरत रही है। जिले के सभी थानाक्षेत्रों के अराजक तत्वों एवं संदिग्धों की सूची तैयार की जा रही है। पुलिस इन लोगों से मुचलके भरवा रही है। चुनाव के मद्देनजर भी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर होली के रंग में भंग न पड़े इसके लिए सभी थाना, कोतवाली पुलिस अलर्ट मोड में है। पुलिस द्वारा अपराधियों और संदिग्ध तत्वों की कुंडली बनाई जा रही है ताकि उन्हें समय से पहले पकड़ा जा सके। जिला बदर से लेकर अपराधियों के डोजियर फार्म भरवाए जा रहे हैं। वहीं लाइसेंसी हथियार रखने वाले व्यक्ति से भी पूछताछ की जा रही है। होली पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों, नशे के सौदागरों और बदमाशों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। शहर के जिन इलाकों में होली या अन्य त्योहारों के मौके पर विवाद की स्थिति पैदा होती है। उन्हें चिन्हित किया जा रहा है।

चुनाव और होली के मद्देजर मुचलके की कार्रवाई चल रही है। अपराधियों को पाबंद और अन्य कई शरारती तत्वों को रेड कार्ड जारी किए गए हैं। वही शराब विक्रेताओं और डीजे साउंड वालों को नोटिस दे दिए गए हैं। पुलिस ने नशेड़ियों, बदमाशों और अवैध नशे के सौदागरों को सलाखों के पीछे पहुंचाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाशत नहीं किया जाएगा। **– अजीत चौहान,** सीओ सिटी

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
SUN PHARMACEUTICAL INDUSTRIES LTD.
LUPIN PHARMACEUTICALS, INC.
Pfizer
pil Psychotropics India Limited
MACLEODS
Canixa Life Sciences



Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

# ऑनलाइन ठगी करने वाले दो साइबर ठग गिरफ्तार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** थाना साइबर क्राइम ने ऑनलाइन ठगी करने वाले दो शातिर अन्तर्राज्यीय ठगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 6 मोबाइल, दो पासबुक, दो चेक बुक, एक एटीएम सहित 450 रुपये बरामद किए हैं।

अमित कुमार पुत्र राजीव कुमार निवासी ग्राम दतेई थाना मिरहची द्वारा थाना मिरहची पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा चाचा की बीमारी के बहाने से ऑनलाइन फ्रॉड कर लिया गया है। जांच के दौरान हितेश कुमार शर्मा पुत्र नितेन्द्र कुमार शर्मा निवासी नई आबादी सेवला जाट थाना बुन्दू कटरा सदर जनपद आगरा व अनुराग कश्यप पुत्र सूरज कश्यप निवासी देवी नगला



पदी दयालबाग थाना न्यू आगरा को अवागढ़ किला तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि यह लोग ग्रामीण क्षेत्र के लोगो के पास कॉल करते हैं तथा उनको किसी परिजन की बीमारी का हवाला देकर अपने खाते में रुपये ट्रांसफर करवा लेते हैं। जिन्हें बाद में आरोपितों द्वारा अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया जाता है। अलग-अलग बैंक खातों से उक्त धनराशि को एटीएम के माध्यम से निकाल लेते हैं।

# बाइक-ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत, एक युवक की गई जान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **तीन लोग घायल, अमांपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई घटना**
- **शव का कराया गया पोस्टमार्टम घायलों को उपचार के लिए भेजा**

**अमृत विचारः** अमांपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार की शाम को ऑटो और बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस घटना में ऑटो सवार एक व्यक्ति मौत हुई है, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अलीगढ़ रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

घटना मंगलवार शाम की है। सिढ़पुरा थाना क्षेत्र के गांव पीथनपुर निवासी 20 वर्षीय प्रभाकर, 19 वर्षीय रवि कुमार, 20 वर्षीय रामपाल और 36 वर्षीय गांव अलीपुर निवासी बाइक सवार मुहम्मद मुद्दीन इस घटना का शिकार हुए हैं। तीन लोग ऑटो में सवार थे। गांव नगला तेज के समीप ऑटो और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हुई, जिसमें प्रभाकर की मौके पर मौत हो गई और अन्य तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। अमांपुर के अपराध निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो घायल :** ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव मोहम्मदपुर के समीप बालू से भरे ट्रैक्टर ने बाइक सवार गांव करसरी निवासी बाबूलाल और शिवम को टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया। यहां से दोनों को अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी अजय वीर सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर कब्जे में है। चालक मौके से फरार है। तहरीर अभी नहीं मिली है।

## रोडवेट चालक से मारपीट का मामला दर्ज

**एटा।** आगरा फोर्ट डिपो के संविदा परिचालक धर्मेन्द्र पुत्र रामेश्वर ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर बताया कि रोडवेज बस स्टैण्ड एटा पर उसकी बस खड़ी थी, तभी सुक्खा नामक व्यक्ति अपने साथियों के साथ आ गया। एकराय होकर आरोपितों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डाली और उसके साथ मारपीट कर दी। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

# डीएम व एसएसपी ने लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की

## पोलिंग स्टेशनों का भ्रमण कर जायजा लिया, बेहतर व्यवस्थाओं के लिए दिए निर्देश

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचारः** जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को आयोग की मंशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से 105-मारहरा विधानसभा, 104 एटा सदर विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग स्टेशनों का भ्रमण कर जायजा लिया। डीएम ने इस दौरान पोलिंग स्टेशनों पर एकत्रित हुए ग्रामीणजनों, स्थानीय लोगों से रूबरू होकर विगत निर्वाचनों के संबंध में जानकारी की। डीएम ने इस दौरान बल्नेर्बल पोलिंग स्टेशनों पर मौजूद मतदाताओं से अपील की कि सभी मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर अपने मत का निर्भीकता के साथ प्रयोग करें, प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर मतदाताओं को सुरक्षा दी जाएगी।

डीएम ने निर्देश दिए कि पोलिंग स्टेशनों पर आयोग की मंशानुसार पेयजल, शौचालय, रैम्प, दरवाजे, खिड़कियां आदि समस्त प्रकार की एएमएफ सुविधाएं पूर्ण कर ली जाएं, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। डीएम ने जनसंवाद के दौरान ग्रामीणजनों को निर्देश दिए कि आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू कर दी गई है, आचार संहिता का सभी दलों, लोगों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जनपद की मारहरा, एटा सदर विधानसभा क्षेत्र में तृतीय चरण में 07 मई को मतदान होगा। पोलिंग स्टेशन पर किसी भी प्रकार का माहौल खराब न होने दें, यदि कोई भी व्यक्ति ऐसा कृत्य करता है तो उसके खिलाफ कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


एक पोलिंग बूथ का जायजा लेकर बाहर आते डीएम व एसएसपी। ● अमृत विचार

डीएम ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को किसी भी रूप में प्रभावित करने पर गुण्डा एक्ट की कार्रवाई तो होगी ही, साथ ही ज्यादा से ज्यादा धनराशि के मुचलके में पाबंद भी किया जाएगा। सभी ग्रामीणजन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने में प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करें। डीएम ने इस दौरान मारहरा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत नयाबांस, ओरनी, मेहनीशोरा

- एसएसपी बोले पुलिस टीम प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखे
- मतदान प्रभावित करने वालों पर होगी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई

एवं एटा सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत लक्ष्मीबाई इण्टर कॉलेज, प्रिंटिश गर्ल्स इण्टर कॉलेज पर बने पोलिंग स्टेशन का भ्रमण कर मतदान हेतु बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस टीम द्वारा गांव में प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाए। निर्वाचन में सभी के साथ समान व्यवहार किया जाए तथा शस्त्र लाइसेंस जमा किए जाने की प्रगति में सुधार होना चाहिए। आदर्श चुनाव आचार संहिता का सम्पूर्ण जनपद में अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एसडीएम सदर भावना विमल, एएसडीएम वेद प्रिय आर्य, क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय, थाना प्रभारी मिरहची केके लोधी आदि मौजूद रहे।

## अब खेल-खेल में पढ़ना सीखेंगे बच्चे

**एटा।** आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत बच्चे अब खेल-खेल में पढ़ना सीखेंगे। सरकार की ओर से तैयार खेल पिटारा (ईसीसीई किट) हर केंद्र पर मुहैया कराई जाएंगी। इस किट में खेल सामग्री और साक्षरता संबंधी संसाधन शामिल होंगे।

सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की तरह ही आंगनबाड़ी कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। वीडियो के जरिए खेल पिटारा की खूबियों के बारे में जाएगा। इसमें खेल, स्टेशनरी समेत कई रोचक चीजें शामिल हैं। खेल पिटारा में जोड़-तोड़, लेसिंग टूल, रेत और ट्रे, खेलने का आटा और उपकरण, आकारों की किट, जियोबोर्ड और रबर बैंड, कनेक्टिंग ब्लॉक, मोती और धागा, कनेक्टिंग स्ट्रॉ, नेस्टिंग खिलौने, फ्लेक्सी तार, बटनिंग और जिपिंग फ्रेम, जंबो नट बोल्ट (निर्माण किट) आदि शामिल रहेंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि खेल पिटारा (ईसीसीई किट) में कहानी की किताबें, स्पर्श कार्ड, कहानी कार्ड, पोस्टर, वर्णमाला पुस्तक और फ्लैशकार्ड के साथ ही मॉडल खिलौना सेट, आवर्धक कांच, संगीत वाद्ययंत्र, कठपुतलियां और दो तरफा स्लेट, बिल्डिंग ब्लॉक, गेंदें, खेल उपकरण, प्लास्टिक क्रेयॉन, ओरिगेमी शीट, पेंट ब्रश, बच्चों के अनुकूल कैंची, पोस्टर रंग, ट्यूब और गुगली आदि भी शामिल किए जाएंगे।

## हृदय रोगियों की मेडिकल कॉलेज में जांच शुरू

**एटा, अमृत विचारः** मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाएं धीमे-धीमे दुरुस्त हो रही हैं। पैथोलॉजी में मरीजों की जांचें भी बढ़ाई जा रही हैं। अभी तक हृदय के रोगियों की जांच की व्यवस्था नहीं थी। अब कॉलेज में इसकी भी जांच शुरू हो गई है। प्रतिदिन 5 से 6 हृदय रोगियों की पैथोलॉजी में जांच की जा रही है।

दिल का दौरा पड़ने या फिर सीने में दर्द की शिकायत होने पर मेडिकल कॉलेज में पहुंचने वाले मरीजों की ईसीजी जांच कर दी जाती थी। अन्य जांच की जरूरत पड़ने पर चिकित्सक मरीजों को आगरा रेफर कर देते थे। ऐसे में मरीजों के परिजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कॉलेज में अब हृदय रोगियों की जांच होने लगी है। डॉ. अंशुल यादव ने बताया कि सीने में दर्द या फिर दिल का दौरा पड़ने पर मरीज की ईसीजी की जाती है। इसके बाद मरीज की सीपीकेएमबी जांच रक्त के नमूने से होती है। इससे मरीज की हालत में बारे में पता चल जाता है कि हृदय में क्या समस्या है। जांच अब कॉलेज की पैथोलॉजी में होने लगी है। इससे अब मरीजों को जांच के लिए बाहर नहीं भेजना पड़ेगा।

# करंट से संविदा लाइनमैन की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**संवाददाता, जैथरा**

**अमृत विचारः** थानाक्षेत्र के रसीदपुर गांव में मंगलवार को एक ट्यूबवेल पर विद्युत मीटर लगाने गया एक संविदाकर्मी करंट की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतक के परिवारीजनों ने आर्थिक लाभ दिलाए जाने की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया और शव का पंचनामा कराने से मना कर दिया। नायब तहसीलदार और विभागीय अधिकारियों के आश्वासन के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।


मृतक मनोज

परिजनों के अनुसार एसएसओ रघुराज सिंह की अगुवाई में जैथरा के गांव रसीदपुर निवासी उमेश चन्द्र के ट्यूबवेल पर संविदा लाइनमैन मनोज कुमार (27) पुत्र रामखिलाड़ी निवासी हलईया जैथरा विद्युत मीटर लगाने गया था। बिजली शटडाउन लेने के पश्चात मनोज ने मीटर लगा दिया था। वह बिजली के पोल पर लाइन जोड़ रहा था। इसी दौरान विद्युत फीडर से लाइन जोड़ दी गई। जिससे करंट की चपेट में आकर मनोज की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिवारीजनों ने पावर कॉर्पोरेशन पर आरोप लगाते हुए शव को जैथरा विद्युत सब-स्टेशन के बाहर रखकर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने ड्यूटी के दौरान मौजूद एसएसओ, एसडीओ, जेई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई और मुआवजे की मांग की। हंगामे की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार, ग्राम पंचायत दौलतपुर प्रधान प्रेम सिंह यादव और जैथरा पुलिस पहुंच गई। परिजनों को मुआवजा दिलाने और विद्युत विभाग के आरोपित कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज करने का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर शव का पोस्टमार्टम हुआ। मौके पर मौजूद परिजनों ने बताया कि इन लापरवाह विद्युत विभाग के अधिकारियों के चलते मनोज को 17 अक्टूबर 2022 को भी हाईटेंशन लाइन का करंट लगा था। तब भी विभाग द्वारा कोई मुआवजा नहीं दिया गया था। परिजनों ने लाखों खर्च करके मनोज का उपचार कराया था। अब फिर वहीं लापरवाही बरती गई है। परिजनों की मांग है कि मृतक आश्रितों को मुआवजा दिलाया जाए।

# अत्रेय और रूपाली का मॉडल चयनित

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय आविष्कार मिशन के तहत बच्चों की प्रतिभा निखरकर सामने आ सके। इसके लिए मंगलवार को डायट पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में लगाई गई। उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने मॉडल प्रस्तुत किए। इसमें राज्य स्तर के लिए अत्रेय शर्मा व रूपाली का मॉडल चुना गया।

डायट पर विज्ञान प्रदर्शनी में 90 विद्यार्थियों ने 53 मॉडल के साथ प्रतिभाग किया। प्रत्येक ब्लॉक से दस-दस विद्यार्थी बुलाए गए थे। प्रदर्शनी में विद्यार्थी पाचन तंत्र, आम तोड़ने की मशीन, चंद्रयान, पृथ्वी, विद्युत परिपथ द्वारा सुचालक व कुचालक की पहचान, वर्षा जल संरक्षण, दाब बढ़ाने सहित अन्य कई मॉडल लेकर पहुंचे। बीएसए दिनेश कुमार के अलावा डायट प्रवक्ताओं ने विद्यार्थियों के मॉडल देखे।

राजा का रामपुर के कंपोजिट विद्यालय में कक्षा 8 में पढ़ने वाले अत्रेय शर्मा ने चंद्रयान पर लैंडिंग का मॉडल प्रस्तुत किया। इसे 22.05 अंक मिले। जबकि अवागढ़ के चुरथरा के कंपोजिट विद्यालय की छात्रा रूपाली का मॉडल दूसरे नंबर पर रहा। इस मॉडल को भी राज्य स्तर के लिए चयनित किया गया। वहीं 8 अन्य बच्चों के भी मॉडल चयनित किए गए।

जिला समन्वयक अरुण शर्मा ने बताया कि प्रथम स्थान पर जिसका मॉडल रहा, उस छात्र को 10 हजार रुपये सहित प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। दूसरे स्थान पर चयनित मॉडल को 7200, तृतीय स्थान पाने वाले मॉडल को 5000 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा 4 से 10वां स्थान पाने वाले सभी विद्यार्थियों को 2500 रुपये दिए जाएंगे। सभी विद्यार्थियों को बैग के साथ प्रशिस्त पत्र दिया गया।

## मंडी में गल्ला न पहुंचने से व्यापारियों में रोष

**जलेसर, अमृत विचारः** प्रशासन ने नगर में गल्ला मंडी तो खुलवा दी लेकिन सुविधाओं एवं गल्ला पहुंचाने के मामले में लाल फीताशाही के चलते मंडी में मौजूद व्यापारी पलायन के लिए विवश हैं। राजस्व की भी चोरी के चलते व्यापारियों ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञात रहे कि 15 वर्ष पूर्व नगर में गला व्यापारियों द्वारा लाखों रुपए की लागत लगाकर दुकानें खरीदी गई थी और अपना व्यापार प्रारंभ किया था, लेकिन कुछ गल्ला व्यापारियों द्वारा नगर से निकलने वाले मार्गों पर अपनी दुकान खोल लीं। जिससे गल्ला मंडी समिति में न पहुंचकर मार्गों पर खुली दुकानों पर ही खरीद फरोख्त हो रहा है। व्यापारियों ने उप जिलाधिकारी एवं मंडी समिति प्रशासन से मांग की है कि मंडी के बाहर खरीद फरोख्त कर रहे व्यापारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर मंडी में ही गल्ले की उपलब्धता कराएं। वीरपाल सिंह यादव, राजबहादुर सिंह, सुरेश चंद्र गर्ग, अशोक कुमार सिंह आदि प्रमुख थे।

# प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को बिजली नहीं

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचारः** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ब्लॉक शीतलपुर व अलीगंज में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट लगाई गई है। प्लास्टिक कचरे से तैयार सामग्री का उपयोग सड़क निर्माण में आरईडी विभाग द्वारा किया जाना है, लेकिन दोनों ही जगहों पर अब तक विद्युत कनेक्शन नहीं हो सके। इसकी वजह से प्लांट संचालित नहीं हो पा रहे हैं।

प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण से गांवों को बचाने की कवायद शुरू हुई तो प्लास्टिक कचरे का निस्तारण पंचायत स्तर पर करने की तैयारी की गई। शीतलपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत बारथर प्रधान विमला देवी के पुत्र अखिलेश कुमार ने बताया कि प्लास्टिक प्रोसेसिंग यूनिट बना ली गई है। यूनिट के निर्माण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को दी गई थी। पंचायती राज विभाग की ओर से संबंधित ग्राम पंचायत को कार्य कराने के लिए 16 लाख की धनराशि भी जारी की गई। बारथर में स्थापित की गई यूनिट पर आसपास के गांवों के प्लास्टिक कचरे को मंगाकर उसकी प्रोसेसिंग की जाएगी। कई महीनों से चक्कर काटने के बाद भी विद्युत निगम कनेक्शन नहीं दे रहा है। विद्युत निगम के जेई आश्वासन देते आ रहे हैं। ऐसी ही स्थिति अलीगंज देहात में लगाए गए प्लांट की है। यहां पर भी विद्युत कनेक्शन नहीं मिल सका है। अधिकारियों ने बताया कि पंचायत स्तर पर प्लास्टिक एकत्र करने के लिए जो संग्रहण केंद्र बने हैं, वहां से कचरे को प्लास्टिक प्रोसेसिंग यूनिट पर लाया जाएगा। इसमें सबसे अधिक कचरा प्लास्टिक बोतल के अलावा प्लास्टिक दाना बनाने में होगा। इससे ही सड़क बनाई जाएगी। डीपीआरओ केके सिंह चौहान ने बताया कि विभाग की ओर से धनराशि देकर दोनों प्लांटों का निर्माण करा दिया गया है। बिजली कनेक्शन के लिए विद्युत निगम के अधिकारियों से लगातार वार्ता की जा रही है।

## शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**एटा।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने आरोप लगाया कि उसकी मुलाकात क्षेत्र के गांव किशनपुर लोहिया निवासी अमित से हुई। इसके बाद दोनों में संबंध बने रहे। महिला का आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने शादी करने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। विरोध किया तो आरोपित ने परिजनों के साथ मिलकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली देहात पुलिस ने आरोपी को पकड़कर जेल भेजा है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

### 9.22 लाख हड़पे, रिपोर्ट

एटा। नयागांव थाना क्षेत्र के सराय अगहत निवासी सुखवीर सिंह ने तहरीर में बताया कि हरियाणा के बालाजी ट्रेडिंग कंपनी साहिबाबाद मरसंडा के सतीश ने मक्का के 9 लाख 22 हजार 880 रुपए हड़पे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## लिव-इन में युवती हुई गर्भवती तो दूसरी युवती से की शादी

**एटा, अमृत विचारः** थानाक्षेत्र में 19 वर्षीय युवती का आरोप है कि करीब एक साल पहले गांव के ही अमित से प्रेम संबंध हो गया था। इसके बाद लिव-इन में एक महीने मैनपुरी में रहे। गर्भवती हो गई तो अमित ने मुझे छोड़ दिया। इसके बाद 7 मार्च 2024 को दूसरी शादी कर ली। जब अमित के घर पर गई तो उसकी मां विनीता देवी, ताऊ संतोष, चाचा दलवीर सिंह ने गाली गलौज की और लात-घूंसों से पीटकर घर से भगा दिया। इसके बाद अमित से साथ रखने के लिए कहा तो उसने भी गाली गलौज कर गर्भपात कराने को कहा। कोतवाली देहात प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव, हत्या की जताई गई आशंका

**संवाददाता, जलेसर**

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक विवाहिता का शव फंदे पर लटकता हुआ मिला। सूचना पाकर पहुंचे मायकेवालों ने हत्या की आशंका जाहिर की और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जलेसर कोतवाली क्षेत्र के गांव मुसियार निवासी सुनील कुमार की 25 वर्षीय पत्नी मायादेवी का शव मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे संदिग्धावस्था में घर के अंदर पंखे के कुंडे से लटकता हुआ मिला। इसी दौरान किसी ने जनपद फिरोजाबाद के गांव टापा खुर्द निवासी मायके वालों को सूचना दे दी। खबर लगते ही मायके वालों में कोहराम मच गया और गांव मुसियार पहुंच गए। उन्होंने हत्या की आशंका जाहिर की और इलाका पुलिस को अवगत कराया। सूचना पाकर पहुंचे क्षेत्राधिकारी कृष्णमुरारी और जलेसर कोतवाल आरके सिंह ने पूछताछ की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।


विवाहिता की मौत के बाद विलाप करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैं अपने पुत्र मंजूर अली खां उसकी पत्नी यासमीन गुड़िया के गलत आचरण व दुर्व्यवहार से दुखी होकर दोनों से सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ और अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। **रज्जाक अली खां पुत्र मो. यार खां, धारूपुर, थाना बिथरी चैनपुर, बरेली**

**सूचना**
मो0 यामीन पुत्र श्री न्याज अहमद आदि निवासी ग्राम सिंघाई मुराबान थाना भुता, बरेली व कमर खां आदि निवासी परतापुर, इज्जतनगर के मध्य एक जमीन का नोटरी एग्रीमेंट दिनांक 05.12.2023 को हुआ था, जो आपसी सहमति से दिनांक 15.12.2023 को निरस्त कराया जा चुका है।

**सूचना**
रूबी पुत्री शिवशंकर शुक्ला के नाम से खाता संख्या 21740179147 इंडियन बैंक जंगबहादुरगंज में संचालित है। इस नाम की जगह सरिता मिश्रा पत्नी अनिल कुमार के नाम कर दिया जाए। इस पर कोई आपत्ति करता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी खुद की है। मेरा आधार कार्ड भी सरिता मिश्रा के नाम से है।

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र तुषार व पुत्रवधू अंजली को इनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार से तंग आकर इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद करते हुये अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **जय प्रकाश पुत्र श्री झगरू, निवासी- 248, जाटवपुरा, थाना प्रेमनगर, जिला बरेली**

**सूचना**
हमने अपने पुत्र लक्ष्मण कश्यप एवं पुत्रवधु अनीता को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। वह दोनों अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगें। **उषा कश्यप व जियालाल कश्यप पुत्र मंगलीराम, 292, राजीव कालोनी, सुभाषनगर, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## अखिलेश सिंह अध्यक्ष और कपिल देव कोषाध्यक्ष बने

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचारः** बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती पर समिति का चुनाव 17 मार्च 2024 को कचहरी स्थित आंबेडकर पार्क में हुआ। समिति का अध्यक्ष अखिलेश सिंह और कोषाध्यक्ष कपिल देव प्रसाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार जाटव तथा महामंत्री सुरेश चन्द्र दिवाकर फौजी को बनाया गया।

पदाधिकारियों की घोषणा निर्वाचन समिति के संयोजक मण्डल के उमेश प्रताप सिंह दिनकर ने की। इसके उपरांत सैकड़ों अनुयायियों ने चारों पदाधिकारियों को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉ मालती सिंह, प्रेमलता, ममता, रजनी दिनकर, आरती, उमेश प्रताप सिंह दिनकर, भानुप्रताप सिंह बौद्ध, दीपक राज अंबेडकर, अमन, लाल सिंह मौर्या, अशोक कुमार वाल्मीकि, ई. हेमन्त सिंह, कैलाश परदेशी, वीरपाल सिंह जाटव, वासुदेव सिंह, राजकुमार जाटव, रामप्रकाश, हेमलता, ग्रीश चंद्र, दीपक चौहान वाल्मीकि, नागेन्द्र पाल सिंह, महेश आजाद मौजूद रहे।

वहीं राजूराम रतन, डीपी सिंह, वीरपाल सिंह विमल, भावना सिंह, राहुल कुमार, मनोक कुमार, मुकेश कुमार, विकास कुमार देव, लालता प्रसाद, प्रज्ञासिंह, दरोगा जी, अमित सागर सहित सैकड़ों लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# विवाहिता की मौत, छह ससुरालियों पर रिपोर्ट

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचारः** कोतवाली नगर के चंदन नगर लालपुर घिलौआ रोड में एक विवाहिता की फंदे पर लटककर मौत हो गई। मायकेवालों ने हत्या का आरोप लगाकर छह पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।


मृतक शिवानी

निधौलीकलां थाना क्षेत्र के गांव मुमियाखेड़ा निवासी कमलेश ने 24 वर्षीय बेटी शिवानी की शादी 23 फरवरी 2022 को हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर कोतवाली देहात के गांव अमरगोजिया निवासी राकेश कुमार के पुत्र राघवेन्द्र उर्फ राजू के साथ की थी। राकेश का परिवार कोतवाली नगर क्षेत्र के घिलौआ रोड स्थित चंदन नगर लालपुर में रह रहा है। आरोप है कि दहेज से नाखुश ससुरालीजनों द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल और दो लाख रुपए की मांग की। इसकी शिकायत मायके वालों से की तो पति राघवेन्द्र, ससुर राकेश, सास रेखादेवी, देवर विकल यादव, ननद रीमादेवी, ननदोई संजू ने मारपीट के पश्चात फंदा लगाकर हत्या कर दी। मायकेवालों ने छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)



हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?

इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

| इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज) | | इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज) | |
|---|---|---|---|
| 1. आयुष्मान भारत योजना | 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) | 1. एचडीएफसी एर्गो | 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस |
| 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) | 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) | 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड | 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड |
| 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) | 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) | 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड | |
| 4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) | 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC) | | 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड |

एन.ए.बी.एच.* "राष्ट्रीय स्तर" द्वारा प्रमाणित संस्था

